**भारत सरकार**
**विदेश मंत्रालय**
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या 1928**
दिनांक 06.12.2024 को उत्तर दिए जाने के लिए

**तमिलनाडु के भारतीय मछुआरों की गिरफ्तारी**

1928. **श्री रॉबर्ट ब्रूस सी.:**

क्या **विदेश** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) केन्द्र सरकार द्वारा मध्य–पूर्वी देशों में तमिलनाडु के निर्दोष भारतीय मछुआरों की गिरफ्तारी के मुद्दे से निपटने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं/उठाए जाने का विचार है;
(ख) श्रीलंका के प्राधिकारियों द्वारा तमिलनाडु के भारतीय मछुआरों की गिरफ्तारी तथा उन्हें निरुद्ध करने और अवैध रूप से उनकी हत्या करने के मुद्दे को उठाने के लिए केन्द्र सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं/उठाए जाने का विचार है; और
(ग) आज की तिथि के अनुसार, वर्तमान में तमिलनाडु राज्य के कितने भारतीय मछुआरे देश–वार विदेशी जेलों में निरुद्ध/कैद हैं?

**उत्तर**

विदेश राज्य मंत्री

[श्री कीर्ति वर्धन सिंह]

(क) से (ग) भारत सरकार भारतीय मछुआरों की सुरक्षा, संरक्षा और कल्याण को सर्वोच्च प्राथमिकता देती है। मछुआरों के मुद्दे को द्विपक्षीय तरीके से निपटाया जाता है और सरकार राजनयिक चैनलों, विभिन्न आधिकारिक वार्ताओं और स्थापित द्विपक्षीय तंत्रों के माध्यम से संबंधित सरकारों के साथ भारतीय मछुआरों और मछली पकड़ने वाली नौकाओं की शीघ्र रिहाई और प्रत्यावर्तन सहित मछुआरों से संबंधित मुद्दों को उठाती रही है। भारतीय मछुआरों की शीघ्र रिहाई और प्रत्यावर्तन का मामला सभी स्तरों पर संबंधित देशों के साथ लगातार उठाया जाता है और यह अनुरोध किया जाता है कि इस मुद्दे पर पूरी तरह से मानवीय और आजीविका के आधार पर विचार किया जाए। इसके अलावा, संबंधित देशों में

हमारे मिशन और कोंसलावास भारतीय मछुआरों की स्थिति का पता लगाने और कानूनी सहायता सहित अपेक्षित सहायता और सहयोग प्रदान करने के लिए स्थानीय जेलों और हिरासत केंद्रों का नियमित दौरा करते हैं। हमारे मिशन रिहा किए गए मछुआरों की भारत वापसी को सुविधाजनक बनाने के लिए आवश्यक यात्रा दस्तावेज भी प्रदान करते हैं।

श्रीलंका के संदर्भ में, विदेश मंत्री ने अक्टूबर 2024 में अपनी यात्रा के दौरान, नए राजनीतिक नेतृत्व के साथ मछुआरों से संबंधित मुद्दों पर चर्चा की। इस मुद्दे को द्विपक्षीय संस्थागत तंत्रों, जैसे कि मत्स्य पालन संबंधी द्विपक्षीय संयुक्त कार्य समूह की नियमित बैठकों के माध्यम से भी निपटाया जाता है, जिसमें तमिलनाडु सरकार के प्रतिनिधि शामिल होते हैं। मत्स्य पालन पर जेडब्लूजी की पिछली बैठक 29 अक्टूबर 2024 को हुई थी।

(ग)

| देश | हिरासत में लिए गए तमिलनाडु के भारतीय मछुआरों की संख्या |
|---|---|
| श्रीलंका | 486 |
| पाकिस्तान | 07 |
| बहरीन | 37 |
| सऊदी अरब | 25 (यह संख्या हिरासत में लिए गए कुल भारतीयों को दर्शाती है। मेजबान सरकार गिरफ्तार किए गए भारतीय नागरिकों का पासपोर्ट विवरण साझा नहीं करती है, इसलिए राज्यवार डाटा उपलब्ध नहीं है) |

*****